प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 13.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

78वें सेना दिवस के मौके पर 15 जनवरी को जयपुर में आर्मी डे परेड होगी। जगतपुरा स्थित महल रोड पर होने वाली इस ऐतिहासिक परेड को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात के पुख्ता बंदोबस्त किये हैं । परेड देखने के लिए करीब डेढ लाख दर्शकों के पंहुचने की संभावना है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि परेड के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए चार हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में कडी जांच के बाद ही प्रवेश दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि केवल पासधारी दर्शक ही परेड देख सकेंगे। इस बीच आज सेना दिवस परेड की अंतिम फुलड्रेस रिहर्सल होगी।

0000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के तनाव को कम करने के लिए निशुल्क परामर्श सेवा शुरू की गई है। 10वीं और 12वीं कक्षा के बोर्ड विद्यार्थियों के लिए शुरू की गई इस काउंसिल सेवा का पहला चरण 1 जून तक चलेगा। बोर्ड सचिव ने बताया कि इसके लिए विद्यार्थी और उनके अभिभावक टोल फ्री नम्बर–1800118004 पर डायल कर इंटरएक्टिव वॉइस रिस्पांस सिस्टम–आईवीआरएस के जरिए हिंदी और अंग्रेजी में चौबीस घंटे इस बारे में काउंसलिंग ले सकेंगे। परीक्षा की तनाव मुक्त तैयारी, समय और तनाव प्रबंधन सहित अन्य सवालों के लिए परामर्शदाताओं से संपर्क किया जा सकता है। ये सुविधा सोमवार से शुक्रवार तक उपलब्ध रहेगी।

000

फसलों का त्यौहार लोहड़ी आज मनाया जा रहा है। यह त्यौहार फसलों के पकने की प्रसन्नता का प्रतीक है। लोहडी के मौके पर लोग शाम को अलाव जलाते हैं, पारंपरिक गीत गाते हैं और परिवार तथा मित्रों के साथ खुशियां साझा करते हैं। इस मौके पर अग्नि जलाकर उसकी परिक्रमा की जाती है। इसके साथ ही सुख समृद्धि की कामना की जाती है। मकर सक्रांति का पर्व कल मनाया जायेगा। इस दिन लोग जलाशयों में पवित्र स्नान कर दानपुण्य करते है और कई स्थानों पर पंतगबाजी भी की जाती है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को लोहडी और मकर सक्रांति पर्व की बधाई तथा शुभकामनाएं दी है।

.....

मुख्यमंत्री श्री शर्मा का आज शाम जयपुर में राजापार्क लोहडी उत्सव में भाग लेने का कार्यक्रम है।

00000

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड ने आज जयपुर के एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पंहुची। उन्होंने आईसीयू में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मीडिया से बातचीत में श्रीमती राठौड ने बताया कि बीती रात पाईप लाईन में लीकेज के बाद आईसीयू में पानी भरने की घटना सामने आई थी, जिसे देखते हुए तुरंत प्रभाव से मरीजों को अन्यत्र शिफ्ट किया गया।

.....

00000

मौसम विभाग ने प्रदेश के दस शहरों में तेज सर्दी को लेकर आज येलो अलर्ट बताया है। वहीं चित्तौडगढ और उदयपुर सहित अन्य जिलों में आज घना कोहरा छाया रहा। इससे कई इलाकों में विजिबलिटी घटकर 50 मीटर तक रह गई। आज सबसे कम 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ करौली सबसे सर्द रहा। अलवर, दौसा, श्रीगंगानगर में तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। तेज सर्दी को देखते हुए जयपुर सहित 8 जिलों में 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आज भी छुट्टी रही। मौसम विभाग ने 15 जनवरी से तापमान में बढोतरी की संभावना जतायी है। हालांकि एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार है। इसके असर से कुछ जिलों में पाला पडने की आशंका है।

0000

भारत पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाडमेर जिले में रात के समय विचरण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिला कलक्टर टीना डाबी ने इस बारे में आदेश जारी किये है। शाम सात बजे से सुबह 6 बजे तक ये प्रतिबंधित रहेगा। ये रोक सरहदी जिले के सभी गांवों में भीतर की ओर दो किलोमीटर के क्षेत्र पर लागू होगी। ये आदेश अगले दो महीने तक प्रभावी रहेगा।

0000

अवैश शराब की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने और जहरीली शराब से लोगों को बचाने के लिए सिटीजन एप तैयार किया गया है। आबकारी विभाग की ओर से तैयार किये गये इस एप के जरिये मदिरा की बोतल पर लगे हॉलोग्राम स्टीकर के क्यूआर कोड को स्कैन करते ही शराब के असली या नकली होने की जानकारी मिल सकेगी। गैर कानूनी तरीके से खरीदी गई शराब के नकली होने के अंदेशे को देखते हुए ये व्यवस्था की गई है। इससे अवैध निर्मित और तस्करी की शराब पर भी लगाम लग सकेगी।

0000